THE TIMES OF INDIA

Date: 24-03-18

Not By Toilets Alone

Swachh Bharat needs better aesthetic standards to back hygiene

Dipankar Gupta,[Dipankar Gupta is a sociologist and public intellectual.]

When Swachh Bharat was inaugurated it seemed to raise the broom, but resident filth was difficult to dislodge. Rivers remained opaque and, in spite of health warnings, landfills went on smoking.At the same time, undeniably, more toilets were built than ever before. While between 1986 and 1999 about 9.4 million lavatories were constructed, Swachh Bharat, in the past four years alone, built about 49 million more. Yet, the sight and smell of India remain dirty; piles of garbage, cows gorging on plastic, dirty rivers, filthy drains. Together these comprise health hazards like nothing else. This tells us that Swachh Bharat cannot be accomplished by toilets alone.

While toilets can be constructed on a mission mode, using them and becoming conscious of cleanliness is a different matter. None of that can happen without a mindset change as even the ministry of drinking water and sanitation has acknowledged. This is the most difficult job. Nor has the presence of toilets, even when readymade and handed out on a pan, created an atmosphere that encourages cleanliness. It is often said that India is dirty because everything associated with pollution and filth is for the so-called lower castes to clean. Yet, if the subaltern people were meant to do all the dirty work, why then are their habitations unclean as well?

Assuming that in the next four years all, or nearly all, Indian households will have toilets, will that make this country noticeably clean? Chances are that it will not. According to a conservative government figure, post-Swachh Bharat there is piped water in 1.5 lakh out of 2.45 lakh villages that have indoor toilets. Further, the National Sample Survey Organisation (NSSO) also shows that over 80% of rural households in 2014 reported that they had improved sources of drinking water since 2012. That, however, has not changed the fact that only 6.4% of villagers dump garbage in a designated dumping spot. What then are the main drain blocks to Swachh Bharat? At this point, it is tempting to turn to European history for an answer as our notions of civic cleanliness are largely drawn from western experiences. But the differences between us and them are really quite vast. Nevertheless, by plotting these variations we might get an idea of how to add depth to mission 'clean India'.

First, the sanitation drive in the western world began as early as in the mid 1850s, way ahead of anything along those lines in India. Clearly, they have a head start over us.

Second, Europeans, unlike caste Indians, do not believe that what leaves our body, such as excreta, sweat, or even hair, is polluting. Consequently, they have little revulsion, or inhibition, in cleaning the dirt they create.

Third, manual scavenging was not looked down upon in Europe. Even in 19th century England, many took up this job willingly because they made good money out of it. Such people were known as "gong farmers", and it was a job to covet if you wanted to get rich quick.

Fourth, and perhaps most importantly, all over the western world, "miasma" and high smell were associated with fever. Therefore, when the River Thames was declared the "big stink" in the mid 1850s, British law makers were concerned as even the curtains in Parliament began to smell high. In 1878, survivors of a capsized steamer named Princess Alice feared the smell of the river more than the engulfing water of Thames. Rumour has it that a rhinoceros in London zoo died in 1873 because of this stench. Such was the power of the theory of smell and "miasma".

The theory of "miasma" was subsequently proved wrong. It was replaced in the late 19th century by the "germ theory" of Pasteur and Koch (even earlier, if we consider John Snow's study of how cholera spread). Nevertheless, the belief in "miasma" pointed to environmental factors behind ill health. This helped in creating the right ideological climate for accepting public sanitation and hygiene. Edwin Chadwick's 1842 report on sanitary conditions in Britain was premised on the theory of fevers and by 1871, a full-fledged department was formed to look after sanitation in UK. Environment, however, plays an insignificant role in Ayurveda. Consequently, unlike the conception of "miasma" in Europe, the Indian system of medicine does not connect open filth and stink with ill health. Even seasonal fevers, like vattaja jwara (monsoon fever), pittaja jwara (autumn fever) or kaphaja jwara (spring fever), are not really attributed to surroundings outside the body. Illness is internal balance gone wrong and the external world is largely neutral.

Hence, connecting good health to a clean environment does not come as easily to us as it does to those who fear "miasma". Therefore, toilets alone will be of limited use unless the Swachh Bharat programme also creates an abhorrence towards the sight and smell of filth. As this is a different aesthetic it needs a combination of persuasion and law to promote. What must we face squarely to make this happen? It is important to launch an all out aesthetic war against the caste ideology that values inner body purity over external cleanliness. Unfortunately, we don't have the theory of "miasma" riding shotgun with Swachh Bharat.Toilets without public hygiene is like a broom without a brush!

बिज़नेस स्टैंडर्ड

Date: 24-03-18

अमेरिकी संरक्षणवाद और भारत की स्थिति

अगर हालात बदलते हैं तो भारत भी उससे बचा नहीं रह सकेगा। चीन और यूरोपीय संघ अमेरिकी शुल्क का पहले ही प्रतिरोध कर रहे हैं।

अभीक बरुआ, (लेखक एचडीएफसी बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री हैं। लेख में प्रस्तुत विचार निजी हैं।)

यह विडंबना ही है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाकर जिस देश को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने वाले हैं वह खुद उनका ही है। अमेरिका में इतनी क्षमता नहीं है कि वह अपनी धातु की मांग को खुद पूरा कर सके। उस पैमाने पर उत्पादन बढ़ाने में उसे कई साल लगेंगे क्योंकि उसकी तमाम धातु फैक्टरियां विनिर्माण कॉरिडोर का हिस्सा हैं। इन बातों के चलते न केवल उत्पादन की लागत काफी ज्यादा है और प्रतिस्पर्धा में भी कमी आई है। जबकि स्टील विमानन, विनिर्माण, पाइपलाइन आदि के क्षेत्र में अहम कच्चा माल है। अमेरिकी स्टील उद्योग में 1.40 लाख कामगार हैं जबकि स्टील की खपत वाले उद्योगों में 65 लाख श्रमिक हैं। इन आंकड़ों से एक सीधी तस्वीर सामने आती है कि आखिर स्टील पर शुल्क से क्या नफा-नुकसान होने वाला है। यही बात एल्युमीनियम पर भी लागू होती है।

इसके अलावा इसके प्रत्युत्तर में भी जैसे को तैसा का जवाब मिलने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ ने पहले ही अमेरिकी निर्यात पर दंडात्मक शुल्क लगाने की धमकी दे दी है। ऐसे में गलत व्यापार नीति का असर अमेरिका के कामगारों पर पडऩा तय नजर आ रहा है। बहरहाल, तथ्य यह है कि अमेरिका ने खुद को नुकसान पहुंचा लिया है जबकि भारत इससे बचा रहेगा। भारत बहुत अधिक स्टील या एल्युमीनियम निर्यात नहीं करता। अमेरिका के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी क्रमश: 2 फीसदी और 1 फीसदी की है। परंतु इतने भर से पूरी राहत नहीं मिलती क्योंकि भारत वैश्विक निर्यात में अच्छी खासी हिस्सेदारी रखता है। वर्ष 2016-17 में जब कुल निर्यात 5 फीसदी बढ़ा तो लोहे और स्टील का निर्यात 58 फीसदी उछला था। एल्युमीनियम एवं संबद्घ वस्तुओं का निर्यात 23 फीसदी बढ़ा था।

अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों के चलते वैश्विक बाजार का आकार घटेगा और उत्पादक देशों के बीच प्रतिस्पर्धा में इजाफा होगा। इससे न केवल निर्यात के आकार में कमी आने की आशंका है बल्कि मुनाफे में भी कमी आएगी। स्पष्ट है कि व्यापक घरेलू खपत वाले देश बेहतर स्थिति में रहेंगे। अमेरिका के निशाने पर भले ही चीन हो लेकिन उसकी घरेलू खपत भारत की तुलना में बहुत अधिक है। इससे एक रोचक दृश्य उत्पन्न होता है। अमेरिका कनाडा और मैक्सिको जैसे कारोबारी साझेदार देशों को रियायतें देते हुए शुल्क जितना कम करेगा, इन उत्पादक देशों के लिए बचे हुए बाजार में अपना उत्पाद भेजने की अनिवार्यता उतनी ही कम होगी। ऐसे में भारत को अमेरिका के चयनित संरक्षणवाद का लाभ हो सकता है, भले ही वह सीधा लाभार्थी न हो। परंतु केवल उतना पर्याप्त नहीं होगा हमें अपने स्तर पर भी प्रयास करने होंगे। उदाहरण के लिए अमेरिकी संरक्षणवाद घरेलू बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं पर जोर देने की भी वजह है। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि आयातित धातुओं की उच्च लागत से मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ेगा। इसकी प्रतिक्रिया स्वरूप अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में मौजूदा अनुमान की तुलना में कहीं अधिक इजाफा कर सकता है। अमेरिका में उच्च ब्याज दर के चलते डॉलर और अधिक मजबूत होगा।

यह दलील तार्किक प्रतीत होती है लेकिन इसमें अलग तरह की समस्याएं हैं। अमेरिकी आर्थिक नीति में मौजूदा बदलाव से जुड़ी दो बातें ऐसी हैं जो शायद मुद्रा बाजार को पसंद न आएं। पहली बात, हाल ही में कर कटौती की घोषणा की गई है जो बजट घाटे में इजाफा करती है। अगले कुछ वर्षों तक अमेरिकी बजट घाटे में एक लाख करोड़ डॉलर तक का इजाफा हो सकता है। दूसरी बात का संबंध आयात शुल्क से है। आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा का असर डॉलर और शेयर बाजार पर हुआ और वहां जमकर बिकवाली हुई। ऐसे में मौजूदा माहौल डॉलर के लिए नकारात्मक है। ऐसे में यह

देखना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। राजकोषीय विस्तार और संरक्षणवाद, इन दोनों के चलते चालू खाते पर दबाव बढ़ता है। संरक्षणवाद आयात की लागत बढ़ाकर इसमें मदद करता है। यह अमेरिका को दोहरे घाटे की जटिल समस्या में उलझा देगा। चीन जो कि अमेरिका की सरकारी बॉन्ड का सबसे बड़ा खरीदार है, वह अगर प्रतिरोध स्वरूप अतिरिक्त खरीद के बजाय अमेरिकी बॉन्ड की बिकवाली शुरू कर देता है तो जो असंतुलन उत्पन्न होगा उसकी भरपाई करना खासा मुश्किल हो जाएगा। एक संभावना यह नजर आती है कि अमेरिका में ब्याज दरों में तेजी से इजाफा हो जबकि डॉलर की कीमत कम हो।

डॉलर की कीमतों में गिरावट का अर्थ होगा रुपये में मजबूती आना। बढ़ता संरक्षणवाद पहले ही विश्व व्यापार पर नकारात्मक असर डाल रहा है, ऐसे में रुपये की मजबूती को कतई अच्छा नहीं माना जा सकता है। उस दृष्टि से देखा जाए तो रुपये और डॉलर की दरों को लेकर भी तस्वीर बहुत उत्साहवर्धक नहीं होगी। डॉलर का प्रदर्शन और उसकी प्रतिस्पर्धी मुद्राओं का प्रदर्शन ऐसे में अहम हो जाता है। यह सच है कि रुपया वर्ष 2017 में इस क्षेत्र की सबसे बेहतर स्थिति वाली मुद्रा का दर्जा पाने में कामयाब रहा था और वर्ष 2018 में उसका वह दर्जा छिन गया है लेकिन यह कतई निराश होने वाली बात नहीं है। बल्कि यह उत्साहित करने वाली बात है।

इस बात की भी काफी संभावना है कि अमेरिका शुल्क समाप्त कर दे या फिर वह ऐसी तमाम शर्त रखे जिनकी बदौलत वे निष्प्रभावी हो जाएं। हालिया इतिहास पर नजर डालें तो ऐसे संकेत नजर आने लगे हैं। स्टील पर लगने वाला शुल्क भी नया नहीं है। जॉर्ज डब्ल्यू बुश के प्रशासन ने सन 2002 में स्टील टैरिफ लागू किया था। उसकी वजह से अर्थव्यवस्था को करीब 20,000 रोजगार गंवाने पड़े थे। ठीक अगले साल यानी 2003 में यह शुल्क हटा लिया गया था। इस दृष्टि से देखें तो संरक्षणवादी कदम लागू करने और उनसे सकारात्मक परिणाम हासिल करने की अपनी एक सीमा है। सच तो यही है कि वैश्विक स्तर पर व्यापारिक युद्घ से किसी का भला नहीं होने वाला है। अगर हालात और अधिक बिगडऩे शुरू हुए और चीन और यूरोपीय संघ ने अमेरिकी शुल्क वृद्घि का जोरदार प्रतिरोध किया तो भारत के लिए भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं रह जाएगी। ऐसे में हमें वर्ष के दौरान अपनी वृद्घि के अनुमानों पर नए सिरे से दृष्टि डालनी होगी और बड़े पैमाने पर कारोबारी जंग के लिए तैयार रहना होगा।

Date: 24-03-18

निजीकरण का तरीका

टी. एन. नाइनन

हमारे देश में निजीकरण बाजार के स्तर पर होता है, न कि उद्यमों के स्तर पर। हिंदुस्तान जिंक और अब बंद हो चुकी मॉडर्न फूड जैसी बहुत कम कंपनियों का निजीकरण हुआ है। इसके विपरीत कई बाजारों के द्वार खुलने के बाद निजी क्षेत्र ने उन पर कब्जा करने में सफलता पाई है। उसने हमेशा यह सफलता सरकारी क्षेत्र के पुराने खिलाडिय़ों पर श्रेष्ठता साबित करके हासिल की है। यह बदलाव कई क्षेत्रों में देखने को मिला है। विमानन, दूरसंचार, औषधि और शिक्षा क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। उपभोक्ताओं को भी हमेशा इससे लाभ ही हुआ है क्योंकि उन्हें उत्पाद और सेवाओं के विकल्प मिले हैं।

कंपनियों के बजाय बाजार का निजीकरण करने की इस कवायद की कीमत भी चुकानी पड़ रही है। भारत अभी भी एक नरम शक्ति वाला देश है और सरकार अब तक सरकारी उपक्रमों को बाजार में अपने दम पर कारोबार करने और बिकने या खत्म होने देने के लिए तैयार नहीं है। इसके बजाय हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स जैसी कंपनियों की तरह वह इनका परिचालन कर रही है, हालांकि उसे राजस्व से पांच गुना तक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इन दिनों एयर इंडिया का मामला सुर्खियों में है। एयर इंडिया की तरह दूरसंचार क्षेत्र की भारत संचार निगम और महानगर टेलीफोन निगम को भी काफी समय तक भारी घाटे के के साथ चलाया गया। इनमें भारी पूंजी निवेश किया गया। इन तीनों कंपनियों का सालाना घाटा 11,600 करोड़ रुपये तक रहा है।

बदलते हुए बाजारों और नाकाम संस्थानों के बीच जरा बैंकों के भविष्य पर विचार कीजिए। यह मानना सुरक्षित कहलाएगा कि निजी बैंकों को बड़ी हिस्सेदारी मिलेगी जो मौजूदा 30 फीसदी से अधिक होगी। पांच या उससे अधिक सालों में वे इसे 50 फीसदी से ऊपर ले जा पाएंगे या नहीं, यह देखना होगा। मुद्दा यह है कि धीरे-धीरे बैंकों के बेहतरीन ग्राहक उनसे दूर होते जाएंगे। इस बीच वे नई तकनीक अपनाएंगे और ऋण के जोखिम के आकलन के नए-नए तरीके तलाश करेंगे। इससे उनके वित्तीय नतीजे बेहतर होंगे। ऐसे परिणामों से शेयर बाजार में उच्च मूल्यांकन हासिल होगा। गौरतलब है कि अभी बाजार पूंजीकरण के मामले में शीर्ष नौ में से आठ बैंक निजी क्षेत्र के हैं। यानी उनकी पहुंच सस्ती पूंजी तक है। पूंजी की जद्दोजहद वाले बाजार में यह प्रतिस्पर्धी बढ़त है। अगर कुछ सरकारी बैंकों की हालत कल एयर इंडिया या एमटीएनएल जैसी हो जाए तो? यानी वे ऐसे उपक्रम बन जाएं जिनका बाजार समाप्त हो चुका हो, उनको पूंजी की आवश्यकता हो और वे बेहतर प्रतिस्पर्धा के लायक न रह गए हों तथा पुराने पड़ रहे हों, कर्मचारी श्रम संगठनों से जुड़े हों और आधुनिक तकनीक से दूर हों और सेवा को लेकर उनका रुख सही न हो तो क्या होगा? लोग निजीकरण की बात कर रहे हैं लेकिन वह बहुत दूर की कौड़ी है। अगर स्टेट बैंक के अलावा किसी बैंक की बिक्री होती है तो उसकी कीमत बहुत मामूली होगी और कोई सरकार ऐसा करने का साहस नहीं जुटा सकेगी। यहां इस सवाल पर विचार करना आवश्यक है कि तब क्या? इन बैंकों को नई पूंजी की आवश्यकता होगी जो करदाताओं से आएगी।

करदाताओं पर पहले ही काफी बोझ है और यह नया बोझ एयर इंडिया के बोझ से कई गुना ज्यादा हो सकता है। निश्चित तौर पर यह बोझ पहले ही काफी ज्यादा है और एयर इंडिया पर भी मामूली कर्ज नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में लोग दूर हो रहे हैं लेकिन फिर भी सरकारी शिक्षण संस्थान चालू हैं। यहां भी निजी संस्थानों ने धीरे-धीरे सरकारी संस्थानों पर बढ़त हासिल कर ली है। मुंबई में नगर निकाय द्वारा संचालित दर्जनों विद्यालय बंद हो गए क्योंकि उनके यहां छात्र ही नहीं आते। लेकिन क्या उन शिक्षकों को हटाया जा सकता है? दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में प्रति छात्र लागत बढ़कर 6,000 रुपये मासिक हो चुकी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कम छात्र होने से भी लागत बढ़ती है। यह लागत कई बेहतर निजी विद्यालयों की लागत के समान है और आगे जैसे-जैसे छात्र सरकारी विद्यालय छोड़ेंगे यह लागत और बढ़ेगी। ऐसे में जोखिम यह है कि एक और ऐसा क्षेत्र विकसित हो जाए जहां पैसा तो सरकार का लगता हो लेकिन ग्राहक कहीं और हों। संक्षेप में कहें तो बाजार के निजीकरण की नीति एक उद्देश्य की पूर्ति करती है। वहां ग्राहक को फायदा पहुंचता है। सरकारी उपक्रमों में बजट संबंधी दिक्कतों से जुड़ी बातों को समझना होगा। साथ ही अगर वे बेहतर प्रदर्शन नहीं करेंगे तो उनका बंद होना या बिक जाना ही उचित है। अगर ऐसा नहीं होता है तो करदाताओं को इसकी कीमत चुकानी होगी।

दैनिक जागरण

Date: 24-03-18

गोपनीयता से खिलवाड़

सोशल साइट्स के ग्राहकों के हितों की रक्षा को लेकर जो नियम-कानून हैं उनकी नए सिरे से समीक्षा की जाएगी

संपादकीय

अमेरिका समेत अन्य देशों के फेसबुक उपभोक्ताओं का डाटा चोरी कर उसका इस्तेमाल चुनावों को प्रभावित करने में किए जाने का खुलासा जितना सनसनीखेज है उतना ही चिंताजनक भी। इस मामले में केवल इतने से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि फेसबुक के प्रमुख मार्क जुकरबर्ग ने माफी मांग ली, क्योंकि जब तक इस तरह की चोरी को रोकने के लिए ठोस उपाय नहीं किए जाते तब तक डाटा चोरी का खतरा बना ही रहेगा। यह खतरा इसलिए और बढ़ गया है, क्योंकि दुनिया भर में राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। इस क्रम में वे सोशल साइट्स पर सक्रिय लोगों के सोच-विचार को छल-छद्म से प्रभावित करने का भी काम करते हैं। इसकी पुष्टि ब्रिटिश कंपनी कैंब्रिज एनालिटिका पर लगे इस आरोप से होती है कि उसने करीब पांच करोड़ फेसबुक उपभोक्ताओं का डाटा चोरी करके उसका इस्तेमाल दुनिया के विभिन्न नेताओं की मदद के लिए किया। इन नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी हैं। अंदेशा है कि चोरी किए गए फेसबुक डाटा का दुरुपयोग ब्रिटेन के यूरोपीय समुदाय से अलग होने को लेकर कराए गए जनमत संग्रह यानी ब्रेक्जिट के दौरान भी किया गया। कहना कठिन है कि ऐसा ही काम भारत में किया गया या नहीं, लेकिन कैंब्रिज एनालिटिका की सहयोगी कंपनी ने यह स्वीकार करके संदेह बढ़ा दिया है कि उसने यहां के कई दलों को अपनी सेवाएं दी हैं। क्या यह जाना जा सकता है कि सेवाएं देने के नाम पर क्या किया गया-चुनाव में प्रभावी मसलों की जानकारी भर जुटाई गई या फिर सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों के राजनीतिक रुझान को प्रभावित भी किया गया?

अब इसमें दोराय नहीं कि सोशल मीडिया के जरिये सुनियोजित अभियान चलाकर लोगों की राजनीतिक पसंद-नापसंद को बदलने की कोशिश की जाती है। कई बार इसमें सफलता भी मिलती है, क्योंकि सोशल मीडिया पर सक्रिय सभी लोग इससे परिचित नहीं होते कि उनके समक्ष जो सूचनाएं आ रही हैं वे उनके राजनीतिक रुझान का विधिवत आकलन करने के बाद एक खास इरादे से आ रही हैं। जागरूकता के अभाव में कई लोग इस तरह की प्रचार सामग्री से आसानी से प्रभावित भी हो जाते हैं। अब जब यह स्पष्ट हो चुका है कि सोशल मीडिया पर सुनियोजित प्रचार अभियान चलाकर लोगों के राजनीतिक मिजाज को बदलने की कोशिश की जाने लगी है तब केवल आरोप-प्रत्यारोप से काम चलने वाला नहीं है। जरूरत इसकी है कि जैसे आधार कार्ड के तहत दी गई निजी जानकारी का उपयोग अनुमति के बगैर न करने देने को लेकर सक्रियता दिखाई जा रही है वैसे ही इस मामले में भी दिखाई जाए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय लोगों का डाटा चोरी कर उसका राजनीतिक इस्तेमाल किया जाना निजता का खुला उल्लंघन भी है। यह ठीक है कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने फेसबुक को चेताते हुए यह कहा कि सोशल साइट्स के ग्राहकों के हितों की रक्षा को लेकर जो नियम-कानून हैं उनकी नए सिरे से समीक्षा की जाएगी, लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सोशल मीडिया साइट्स भारत में भारतीय कानूनों के हिसाब से ही चलें।

नईदुनिया

Date: 24-03-18

संसद विपक्ष के हंगामे से जूझ रही है, संसद को चलाने की पूरी जिम्मेदारी सत्तापक्ष की होती है

मुख्य संपादकीय

संसद का एक अन्य दिन हंगामे की भेंट चढ़ने के साथ ही एक और सप्ताह बिना किसी खास कामकाज के निकल गया। कहना कठिन है कि अगले सप्ताह स्थितियों में कुछ परिवर्तन होगा, क्योंकि विपक्ष के साथ सत्तापक्ष की भी दिलचस्पी इसमें नहीं नजर आती कि संसद चले। यह ठीक है कि वित्त विधेयक पारित हो गया है और सरकार के एजेंडे में कोई महत्वपूर्ण विधेयक नहीं दिख रहा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह संसद को चलाने के प्रति सचेत न दिखे। समझना कठिन है कि सरकार विपक्ष के साथ कोई समझ-बूझ कायम क्यों नहीं करती?

आखिर इसका क्या मतलब कि जब 15 दिन हंगामे में बर्बाद हो गए तब संसदीय कार्यमंत्री को विपक्षी नेताओं से मेल-मुलाकात करने की याद आई? आखिर यह काम पहले क्यों नहीं हो सकता था? यह सही है कि अगर विपक्षी दलों के सांसद सदन कूप में नारेबाजी करने को आतुर रहें और सदन अव्यवस्था से ग्रस्त बना रहे तो संसद का चलना मुश्किल है, लेकिन सत्तापक्ष इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि संसद चलाने की जिम्मेदारी उसकी ही है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन तब हो पाता है जब विपक्ष की मांगों-मुद्दों के प्रति लचीला रवैया अपनाया जाता है। सत्तापक्ष को यह आभास होना चाहिए कि उसके प्रति ऐसी धारणा बनना ठीक नहीं कि वह विपक्ष को सुनने-समझने के लिए तैयार ही नहीं? कहीं ऐसा तो नहीं कि सत्तापक्ष अविश्वास प्रस्ताव से बचना चाह रहा है? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि तेलुगु देसम पार्टी के राजग से बाहर होने और शिवसेना के ढुलमुल रवैये के बाद सरकार के नीति-नियंता यह सोच सकते हैं कि चुनावी वर्ष में उसके संख्याबल में कमी दिखना ठीक नहीं, लेकिन इस चिंता में संसदीय तौर-तरीकों को ताक पर नहीं रखा जा सकता।

विपक्षी दल संसद चलाने के प्रति बेपरवाह हो सकते हैं, लेकिन सरकार को भी ऐसे ही रवैये का परिचय देने से बचना चाहिए। आखिर सरकार संसद चलाने के मामले में अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करके उन विपक्षी दलों को बेनकाब करने का काम क्यों नहीं करती जो किस्म-किस्म के मसलों पर अपनी चिंता भी जताते हैं और सदन चलने की नौबत भी नहीं आने देते? यदि विपक्षी दल सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर सचमुच गंभीर हैं तो फिर वे लोकसभा में ऐसे हालात क्यों नहीं बनने देते कि कार्यवाही आगे बढ़ सके? क्या कारण है कि लोकसभा अध्यक्ष को बार-बार यह कहना पड़ रहा है कि सदन व्यवस्थित हो तो वे अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष वाले सांसदों की गिनती करें? तेलुगु देसम पार्टी और वाईएसआर कांग्रेस की ओर से अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने के बाद कांग्रेस की ओर से भी ऐसी ही नोटिस दे दी गई है। इसके साथ ही यह साफ हो गया कि अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में तय संख्या में सांसद हैं। अब अगर विपक्षी दल अविश्वास प्रस्ताव को लेकर गंभीर हैं तो फिर उन्हें सत्तापक्ष को यह कहने का मौका नहीं देना चाहिए कि सदन व्यवस्थित हो तो उनकी नोटिस पर चर्चा हो। पता नहीं लोकसभा किस राह जाएगी, लेकिन यह जानना कठिन है कि राज्यसभा क्यों हंगामे से जूझ रही है?

जनसत्ता

Date: 23-03-18

साख का सवाल

संपादकीय

फेसबुक उपयोगकर्ताओं से जुड़ी सूचनाएं और जानकारियां चोरी होने और उनके बेजा इस्तेमाल की जो घटना सामने आई है, उसने न केवल सरकार बल्कि सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय रहने वालों की नींद उड़ा दी है। फेसबुक को लेकर भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में हड़कंप मचा हुआ है। इसका पता तब चला जब अमेरिका में वहां की संघीय व्यापार एजंसी ने फेसबुक के खिलाफ जांच शुरू की। यूरोपीय देशों में भी जांच शुरू हुई। ऐसे आरोप हैं कि केंब्रिज एनालिटिक नाम की कंपनी ने फेसबुक के पांच करोड़ अमेरिकी उपयोगकर्ताओं की गोपनीय सूचनाएं चोरी कर उनका इस्तेमाल ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव जिताने में किया। इसी तरह 'ब्रेक्जिट' के वक्त ब्रिटेन ने भी इसका इस्तेमाल किया। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या यह फेसबुक उपयोगकर्ताओं के साथ छल नहीं है? अगर कपटपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल कर चुनाव जीते जाते हैं तो इससे राजनीतिक व्यवस्था भी कठघरे में खड़ी होती है।

डाटा चोरी करने वाली कंपनी केंब्रिज एनालिटिक कई देशों के लिए इस तरह की चुनाव संबंधी सेवाएं देने का काम करती है। कंपनी का भारत सहित अमेरिका, ब्रिटेन, केन्या, ब्राजील जैसे देशों में कारोबार है। डाटा चोरी का खुलासा होने के बाद कंपनी ने अपने सीईओ को हटा दिया है। फेसबुक के सीईओ ने भी इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुए मामले की जांच कराने का आदेश दिया है। इस घटना से फेसबुक की साख को गहरा धक्का लगा है। दुनिया में भारत दूसरा देश है जहां बीस करोड़ लोग फेसबुक पर हैं। फेसबुक कंपनी कठघरे में इसलिए है कि वह अपने ग्राहकों की निजता की सुरक्षा नहीं कर पाई। डाटा-चोरी ने भारत की राजनीति में भी भूचाल-सा पैदा कर दिया है। इस हकीकत पर से पर्दा उठा है कि कैसे विदेशी कंपनियों के जरिए सोशल मीडिया के डाटा का इस्तेमाल चुनावी हवा बनाने-बिगाड़ने के लिए किया जाता रहा है। कैसे जनता को अंधेरे में रखा जाता है। चुनाव में शोध, सर्वे, रायशुमारी, विज्ञापन, प्रचार जैसे कामों के लिए राजनीतिक दल इस तरह की एजंसियों को ठेके देते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। केंद्र सरकार और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस दोनों इसके लपेटे में आ गए हैं।

सरकार का आरोप है कि कांग्रेस के केंब्रिज एनालिटिक से संबंध हैं और अगले आम चुनाव के लिए वह इसकी सेवाएं लेने की तैयारी में है। दूसरी ओर, सरकार के इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कांग्रेस ने दावा किया है कि सन 2010 के बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल (एकी) ने इस कंपनी की सेवाएं ली थीं। आरोपों-प्रत्यारोपों के बरक्स लोगों के मन में जो सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है वह है विश्वसनीयता का। फेसबुक जैसे सोशल नेटवर्क प्लेटफॉर्म कितना बड़ा खतरा हो सकते हैं निजता के लिए, यह अब सब समझ गए हैं। साथ ही, राजनीतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए हमारी निजी और गोपनीय सूचनाओं का कैसे इस्तेमाल कर रही हैं यह भी अब किसी से छिपा नहीं है। हालांकि सरकार ने फेसबुक के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। सवाल है कि जो सरकार हजारों करोड़ रुपए डकार भाग जाने वालों को वापस ला पाने में लाचार साबित हो रही है, वह डाटा चोरी करने वाले वैश्विक चोरों से

कैसे निपटेगी? यह सूचनाओं का युग है, जिसमें डाटा से ज्यादा कीमती कुछ नहीं है। ऐसे में कैसे इसकी सुरक्षा हो और लोगों में भरोसा बना रहे, यह गंभीर चुनौती है।

Date: 23-03-18

गरीब का चेहरा

संपादकीय

यह बात काफी समय से कही जाती रही है कि भारत में सामाजिक पिछड़ापन और आर्थिक वंचना एक दूसरे से काफी हद तक जुड़े हुए हैं। बुधवार को सरकार ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के गरीबी रेखा से नीचे जी रहे लोगों की बाबत जो आंकड़े पेश किए वे उपर्युक्त हकीकत की ही पुष्टि करते हैं। सरकार की ओर से बताया गया कि अनुसूचित जनजाति के 45.3 फीसद और अनुसूचित जाति के 31.5 फीसद लोग बीपीएल यानी गरीबी रेखा से नीचे हैं। देश की आबादी में दलित पंद्रह से सोलह फीसद और आदिवासी सात से आठ फीसद हैं। लेकिन जब बीपीएल के आंकड़े पर आते हैं, तो इनका हिस्सा देश में अपनी आबादी के अनुपात में बहुत ज्यादा दिखता है, जो कि कोई हैरानी की बात नहीं है। सरकार ने जो तथ्य बताए वे पहले हुए विभिन्न सर्वेक्षणों से भी मेल खाते हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में इक्कीस से बाईस फीसद लोग या परिवार बीपीएल हैं। लेकिन दलितों में बीपीएल अनुपात देश के औसत से कोई दस फीसद अधिक है, और आदिवासियों में तो यह देश के औसत से दो गुने से भी कुछ ज्यादा है। यह स्थिति इसी सच्चाई की ओर इशारा करती है कि सामाजिक श्रेणीबद्धता काफी हद तक आर्थिक स्थिति का निर्धारण करती है।

हम जानते हैं कि दलितों के साथ सदियों से कैसा व्यवहार होता रहा है। वे छुआछूत समेत तमाम तरह के सामाजिक भेदभाव के शिकार रहे हैं। ऐसे में अच्छी आय वाले व सम्मानजनक रोजगार पाना उनके लिए हमेशा बहुत कठिन रहा है। यही बात आदिवासियों के बारे में भी कही जा सकती है। अगर दलितों व आदिवासियों में कुछ लोग सम्मानजनक पदों पर पहुंच सके और अच्छी आमदनी की गारंटी पा सके, तो उसका श्रेय आरक्षण को जाता है। लेकिन आरक्षण का लाभ कभी भी व्यापक नहीं हो सकता, यह हमेशा थोड़े-से लोगों तक सिमटा रहेगा। इसलिए सभी आरक्षित वर्गों में और दलितों व आदिवासियों में तो खासकर आरक्षण से लाभान्वित तबके और बाकी लोगों के बीच काफी गैर-बराबरी दिखाई देती है। इसका अर्थ यह नहीं कि उन्हें मिलने वाला आरक्षण खत्म कर दिया जाए, बल्कि इसका अर्थ यह है कि आरक्षण उनके सशक्तीकरण का एक अपर्याप्त उपाय है; उनकी बेहतरी के अवसरों के लिए और भी कदम उठाने होंगे।

अधिकांश दलित असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं जहां गुजारे लायक और सतत आय की गारंटी नहीं होती। कृषि मजदूरों में अधिकतर दलित हैं। लेकिन खेती की हालत यह है कि वह लंबे समय से घाटे का धंधा बनी हुई है। ऐसे में वे बेहतर आय की आस कहां से करें? यही बात शहर में दिहाड़ी मजदूर की बाबत भी कही जा सकती है। जंगलों की व्यावसायिक कटाई और विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर वनभूमि से बेदखल किए जाने से आदिवासियों की हालत और बदतर हुई है। वनोपज इकट्ठा कर जीने का सहारा भी लाखों आदिवासियों से छिन चुका है। इस तरह हम देखते हैं कि बीपीएल की तस्वीर सिर्फ गरीबी की नहीं है बल्कि वह अशिक्षा, भूमिहीनता, विस्थापन और सामाजिक भेदभाव आदि की भी है। यह

भी गौरतलब है कि बीपीएल का सरकारी आंकड़ा अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप नहीं है। वैश्विक पैमाने को लागू करें तो भारत में बीपीएल का आंकड़ा बहुत अधिक निकलेगा। फिर, दलितों व आदिवासियों की हालत और भी बदतर दिखाई देगी।

Live हिन्दुस्तान .com

Date: 23-03-18

निजता की कीमत पर

संपादकीय

चुनाव सिर्फ जनता की पसंद, नापसंद और उसके आधार पर हुआ मतदान भर नहीं होते। भारत में हम इसे हमेशा से अच्छी तरह समझते रहे हैं कि चुनाव का एक गणित होता है, एक समाजशास्त्र होता है, जो अक्सर जातिशास्त्र भी हो जाता है, चुनाव का एक अर्थशास्त्र भी होता है और सबसे बड़ी बात है कि इसका एक मनोविज्ञान भी होता है। माना यह जाता है कि जो सबको एक साथ साध लेता है, वही राज करता है। सबको साधना आसान काम नहीं है और कुछ लोगों ने तो इसे अपना व्यवसाय ही बना लिया है। हालांकि यह व्यवसाय भी कोई सीधा धंधा नहीं है और इसके साथ कई तरह के गोरखधंधे भी जुड़े रहते हैं। ताजा खबरें बता रही हैं कि जब से संचार तकनीक आई है, चुनाव का धंधा ही नहीं फल-फूल रहा, उसके गोरखधंधे भी खूब चल निकले हैं।

कैंब्रिज एनालिटिका का ताजा मामला भी हमें यही कहानी बताता है। यह ऐसी कंपनी है, जो कॉरपोरेट क्षेत्र के लिए तो आंकड़ों का खेल करती ही है, दुनिया भर के राजनीतिक दलों को हराने-जिताने के लिए भी यह काम करती है। अगर आप इस कंपनी की वेबसाइट पर जाएं, तो वहां इस तरह के तमाम दावे मिल जाएंगे। इस साइट पर कंपनी ने अमेरिका के पिछले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव जिताने का श्रेय ही नहीं लिया, बल्कि 2010 का बिहार चुनाव जिताने का श्रेय भी लिया है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स और ब्रिटिश अखबार गार्जियन के ताजा भंडाफोड़ में यह उजागर हुआ है कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस कंपनी ने फेसबुक से मतदाताओं की निजी जानकारियों को बड़े पैमाने पर चुराया है। जाहिर है, इससे फेसबुक भी कठघरे में खड़ा हो गया है। ध्यान रहे कि यह फेसबुक कंपनी ही थी, जिसने कुछ समय पहले भारत में गरीब लोगों को फेसबुक समेत कुछ सीमित साइट के इस्तेमाल के लिए मुफ्त इंटरनेट उपलब्ध कराने की बात की थी। इस पर काफी विवाद हुआ था और फिर कंपनी अपने प्रस्ताव से पीछे हट गई थी।

दो अखबारों के ताजा भंडाफोड़ से अमेरिका और अन्य देशों में उतना राजनीतिक भूचाल नहीं आया, जितना भारत की राजनीति में आ गया है। सभी दल एक-दूसरे पर लोगों की निजता के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि भारत में किस दल ने कैंब्रिज एनालिटिका या इसके जैसी अन्य कंपनियों की सेवाओं का कितना इस्तेमाल किया। यह भी संभव है कि जितने दलों ने इसका इस्तेमाल किया होगा, उतनी ही संख्या ऐसे दलों की भी होगी, जो बाद में पछताएं होंगे कि उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया। आरोपों की इस राजनीति से लोगों की निजता को बचाने का रास्ता तो खैर नहीं ही निकलेगा।

चिंता इसलिए भी है कि यह किसी दल की प्राथमिकता नहीं है। जो राजनीति लोगों की निजता के उल्लंघन पर अपनी रोटियां सेंक रही हो, उससे फिलहाल तो इसकी बहुत ज्यादा उम्मीद भी नहीं है। लेकिन यह भी सच है कि निजता का मामला इस समय दुनिया भर में बहुत बड़ा मसला बनता जा रहा है। सब जगह के राजनीतिक दल भले ही इससे मुंह चुरा रहे हों, लेकिन नागरिक अधिकार और मानव अधिकार संगठन इसे बडे पैमाने पर उठा रहे हैं। जल्द ही इसकी जरूरत हमारा दरवाजा भी खटखटाएगी। तब शायद इस अधिकार को महत्व देना हमारे राजनीतिक दलों की भी मजबूरी बन जाए।

Date: 23-03-18

स्वायत्तता ही अकेला विकल्प

हरिवंश चतुर्वेदी डायरेक्टर, बिमटेक

